## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ शासन ने तहसीलदारों के राजस्व संबंधी अधिकार क्षेत्र में की वृद्धि

**रायगढ़।** प्रदेशवासियों को राजस्व मामले में राहत पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने अहम फैसला लेते हुए अब तहसीलदारों के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि की है। छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के मुताबिक छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्र.20 सन 1959) की धारा 24 की उप-धारा (1)द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदारों को जो शक्तियां प्रदत्त की गई हैं उनमें जिनमें भूमि स्वामी/ उसके पिता/ पति के नाम/उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करना है। इसी तरह कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित/असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना एवं भूमि के एक फसली/बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करना शामिल है।

### जिले में 488 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 2 अगस्त तक 488 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 13.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 637.8 मिली मीटर, पुसौर में 561.1, खरसिया में 466.5, घरघोड़ा में 464.9, तमनार में 463.9, लैलूंगा में 397.2, मुकडेगा में 473.8, धरमजयगढ़ में 362.1 छाल में 521.2 एवं कापू में 531 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 10वीं बोर्ड के व्यावसायिक विषय के द्वितीय अवसर परीक्षा संपन्न

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/ अवसर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 2 अगस्त को 10 वीं बोर्ड के व्यावसायिक विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 32 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 30 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### ऑयल पॉम मेगा प्लांटेशन एवं रैली का आयोजन 10 अगस्त को

**रायगढ़।** सहायक संचालक उद्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 अगस्त को ऑयल पॉम मेगा प्लान्टेशन हेतु रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम-मोहनपुर में कृषक गोलूराम राठिया एवं अन्य 27 कृषकों के यहां 21 हेक्टेयर में ऑयल पॉम पौधा रोपण किया जाएगा।

### बिहान के सदस्यों के लिए किया गया वित्तीय साक्षरता कैंप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) बिहान से संबंधित वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन सारंगढ़ के एक निजी होटल में किया गया। परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान की उपस्थिति और नेतृत्व में अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक रायगढ़ एवं सारंगढ़ के विशेष सहयोग से यह आयोजन किया गया। जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना (डीआरडीए) के (एनआरएलएम) बिहान से संबंधित डीईए फंड अंतर्गत जमा कर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि योजना अंतर्गत इस कार्यक्रम को एनआरएलएम के डीपीएम राजीव सिंह, एफएलसी राजकुमार शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ के डायरेक्टर चार्ली एक्का, ट्रेनर राजबेल कुजूर, अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई सारंगढ़ के प्रबंधक सुरेश दमके ने वित्तीय साक्षरता के संबंध में जिले के स्व सहायता समूह से जुड़े सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि महिलाओं को संबोधित किया।

# ड्रॉप आऊट रोकने विद्यार्थियों के उपस्थिति की करें हर माह मॉनिटरिंग- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान
- शिक्षा के अधिकार एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में नि:शुल्क एवं बाल शिक्षा का अधिकार के क्रियान्वयन एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना की सतत् मॉनिटरिंग के संबंध में जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूल पंजीकरण, छात्र पंजीकरण, नोडल द्वारा छात्र दस्तावेज सत्यापन, आवेदनों की लॉटरी, स्कूल में प्रवेश, छात्र ट्रैकिंग, प्रतिपूर्ति दावा एवं ड्राप आउट छात्र ट्रेकिंग की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत पंजीकृत स्कूलों के सीटों के विरूद्ध दो चरण में हुए प्रवेश की समीक्षा करते हुए कहा कि कुल आवेदनों की अपेक्षा रद्द की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि आवेदन दस्तावेज की कमी के कारण रद्द नहीं होने चाहिए। रद्द हुए आवेदनों का कारण सहित निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराए। कलेक्टर गोयल ने बच्चों के ट्रेकिंग समीक्षा के दौरान कहा कि लम्बे समय के बाद ट्रेक करने के पश्चात पता चलता है कि बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है। इसके लिए आरटीई के तहत नवप्रवेशित बच्चों के मॉनिटरिंग हेतु सभी नोडल संबंधित स्कूलों से कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों की मासिक उपस्थिति रिपोर्ट संकलन करें, ताकि ड्रॉप आउट में कमी लाया जा सके।

कलेक्टर गोयल ने अशासकीय शालाओं को प्रदान किए जाने वाले शुल्क विवरण की समीक्षा करते हुए गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तक शुल्क के संशोधन सुझाव समिति के माध्यम से राज्य शासन को भेजने संबंधी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नप्रवेशित बच्चों के परिजनों का श्रमिक पंजीयन करवाने के निर्देश दिए ताकि बच्चों के साथ परिजनों को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर गोयल ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विकासखण्डवार शालाओं में संचालित मध्यान्ह भोजन, कार्यरत रसोईया की समीक्षा की। उन्होंने मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले एसएचजी समूह को एनआरएलएम एवं एनयूएलएम युक्त करने तथा सभी रसोईयों के श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शालाओं में स्थित किचन शेड के स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन के लिए प्राप्त खाद्यान्न वाले स्थानों को साफ-सुथरा रखा जाए। इस दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चों के पोषण से संबंधित मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी।

कलेक्टर गोयल ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, विकली आयरन फोलिक सप्लीमेंट एवं नेशनल डिवार्मिंग डे की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत सभी स्कूली बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। इसके अलावा किसी कारणवश स्कूली बच्चों के मृत्यु उपरांत इंश्योरेंस क्लेम की सारी प्रक्रिया शिक्षा विभाग द्वारा अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने रसोईयां सह सहायकों का मानदेय, मध्यान्ह भोजन की प्रस्तावित मीनू, किचन डिवाईस एवं किचन सह भण्डार, किचन शेड की स्थिति, किचन गार्डन, योजना का सामाजिक अंकेक्षण, ऑटोमेटिक मॉनिटरिंग सिस्टम की भी समीक्षा की।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, डीपीओ एल.आर.कच्छप, डीआईओ डॉ.भानू पटेल, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी तरसिला एक्का, सहायक खाद्य अधिकारी राबिया खान, प्राचार्य राजेश डेनियल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**मध्यान्ह भोजन के चावल को अच्छे से धोकर पकाएं-** कलेक्टर गोयल ने कहा कि पीडीएस से प्राप्त मध्यान्ह भोजन के चावल को अच्छे से साफ करके एवं धोकर पकाएं ताकि बच्चों को सही आहार मिल सके। उन्होंने सभी बीईओ को शालाओं को निर्देशित करने के निर्देश दिए कि मध्यान्ह भोजन के लिए उपयोग में लाए जाने वाले चावल को कर कम से कम तीन से चार बार धोए।

## आमगांव एवं बैहामुड़ा में उचित मूल्य दुकान के नवीन संचालन हेतु 6 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़**




तहसील तमनार के ग्राम पंचायत आमगांव एवं घरघोड़ा के ग्राम पंचायत बैहामुड़ा में शासकीय उचित मूल्य दुकान हेतु नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए 6 अगस्त 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक अपना आवेदन कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ में जमा कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

एसडीएम घरघोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत आमगांव तहसील तमनार में शासकीय उचित मूल्य दुकान आमगांव आईडी 412007036 का दुकान निरस्त होने के कारण उक्त दुकान वर्तमान में शासकीय उचित मूल्य दुकान धौराभांठा में संलग्न है। इसी तरह ग्राम पंचायत बैहामुड़ा तहसील घरघोड़ा में शासकीय उचित मूल्य दुकान बैहामुड़ा आईडी 412006026 का दुकान निरस्त होने के कारण उक्त दुकान वर्तमान में शासकीय उचित मूल्य दुकान भेण्ड्रा में संलग्न है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण)आदेश 2016 की कंडिका-9 में निहित प्रावधानों के तहत शा.उ.मू.दुकान आमगांव एवं बैहामुड़ा के नवीन संचालन एजेंसी की नियुक्ति की जानी है।

उक्त दुकान संचालन हेतु इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस)/अन्य सहकारी समिति, ग्राम पंचायत, वन सुरक्षा समिति से आवेदन पत्र मंगाए गए है। इच्छुक संस्था समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित दुकान संचालन हेतु निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन नियत तिथि तक जमा कर सकते है।

## जनसमस्या निवारण शिविर: 8 अगस्त को लैलूंगा के ग्राम तोलगे में

- आगामी दिसम्बर तक प्रतिमाह विकासखण्डवार आयोजित होंगे शिविर
- कलेक्टर गोयल ने शिविर आयोजन एवं आवेदन पत्र देने की प्रक्रिया के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर हो रहा है। इसी कड़ी में आगामी 8 अगस्त को लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-तोलगे में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर अलग-अलग तिथियों में प्रतिमाह में दो बार लगाया जा रहा है, जो आगामी 27 दिसम्बर 2024 तक चलेगा।

कलेक्टर गोयल ने सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में शासन के निर्देशानुसार अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने हेतु निर्देशित किया है। जिससे ग्रामीणजन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर गोयल ने समस्त एसडीएम एवं सीईओ जनपदों को अपने क्षेत्र अंतर्गत शिविरों के आयोजन व आवेदन पत्र देने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। सभी जनपद सीईओ अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायतों को सूचित करेंगे कि वे ग्रामीण जनता के आवेदन पत्रों को नियत तिथि तक प्राप्त कर उनके कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पंजीकरण कर संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर संबंधित विभाग उक्त आवेदन पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही कर अंतिम निराकरण की रिपोर्ट मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को नियत तिथि तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे। कलेक्टर गोयल ने कहा कि शिविर हेतु नियत तिथि को शिविर स्थल पर आवेदन पत्रों के अंतिम निराकरण से अवगत कराए। जिन आवेदनों का निराकरण शिविर हेतु नियत तिथि तक न होने की दशा में एक निश्चित तिथि निर्धारित कर उसकी सूचना आवेदक को देने के निर्देश दिए।

**इन तिथियों में यहां लगेंगे शिविर-** 8 अगस्त को लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-तोलगे में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह तमनार के हमीरपुर में 29 अगस्त, रायगढ़ के कांटाहरदी में 13 सितम्बर, खरसिया के बर्रा में 27 सितम्बर, पुसौर के त्रिभौना में 10 अक्टूबर, रायगढ़ के जामगांव में 25 अक्टूबर, धरमजयगढ़ के कुडेकेला में 8 नवम्बर, घरघोड़ा के बटुराकछार में 29 नवम्बर, लैलूंगा के घटगांव में 13 दिसम्बर तथा तमनार के देवगढ़ में 27 दिसम्बर 2024 को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा।

# सरस्वती सायकल योजना से बदली छात्राओं की जिंदगी

- योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में हुई वृद्धि
- गेरवानी हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ छात्राओं को सायकल वितरण

**रायगढ़**




छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकल योजना ने कई छात्राओं की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस योजना के तहत शासन द्वारा छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की जा रही हैं ताकि वे स्कूल तक आसानी से पहुंच सकें। इसी कड़ी में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेरवानी, विकासखंड रायगढ़ में सरस्वती सायकल योजना के तहत 27 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छात्राओं की सुविधाओं और उनके शिक्षा में निरंतर को बढ़ावा देना है। आज यहां सरस्वती सायकल पाकर छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किए।

सरस्वती सायकल योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं। यह योजना न केवल छात्राओं को शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं।

सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत गेरवानी में अध्यनरत छात्राओं के जीवन में एक नई रोशनी भर दी है, जो उन्हें शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बीपीएल कार्ड धारी पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित किया जाता है। हायर सेकेंडरी स्कूल गेरवानी में आज 27 साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्राओं ने कहा अब साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में अधिक समय और ऊर्जा की बचत होगी, जिससे वह अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इस योजना का लाभ उठाने वाली एक छात्रा ने कहा मुझे स्कूल आने के लिए 2 किलोमीटर पैदल चलकर आना पड़ता था। लेकिन अब मुझे साइकिल मिल गई है, जिससे मैं आसानी से स्कूल जा सकती हूँ और मैं अब स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित हो पाऊंगी और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास करूंगी। इसी तरह एक अन्य छात्रा ने कहा घर से स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण स्कूल में नियमित उपस्थिति नहीं दे पाती थी, जिसकी वजह से कोर्स में भी पीछे रह जाती थी, लेकिन अब सायकल मिलने से स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित हो पाऊंगी और माता-पिता भी खुश होंगे कि मैं अब नियमित स्कूल जा रही हूँ। आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में सरपंच चमेली सिदार, विजय डनसेना, सियाराम डनसेना, खुशीराम, अजय, सुरेश अग्रवाल, भोजराम भट्ट, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ गण तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

## स्टाईगर गोटी से जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार, कोतरा रोड पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



दिनांक 02/08/2024 के सुबह थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि गोरखा जिंदल पार्किंग के पास कुछ लड़के स्टाइगर गोटी से रूपए दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा शिकायत जांच, माईनर एक्ट के कार्रवाई के लिए रवाना हुए स्टाफ को निर्देशित किया गया जिनके द्वारा थाना कोतरारोड़ के पेट्रोलिंग के साथ मिलकर मुखबीर के बताए स्थान की घेराबंदी कर स्टाईगर गोटी से जुआ खिला रहे और खेल रहे चार व्यक्तियों को पकड़ा। जुआड़ी- (1) शीतल सिंह ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर उम्र 35 साल निवासी सारंगढ़ बस स्टैंड बजरंगपारा थाना जूटमिल (2) विकास भारती पिता पूरनलाल भारती उम्र 37 साल निवासी मिट्ठुमुडा थाना जूटमिल (3) दिग्विजय सिंह पिता स्वर्गीय दिलीप सिंह राजपूत उम्र 25 साल निवासी कैदीमुडा थाना जूटमिल (4) दीपक सोनवानी पिता स्वर्गीय चौतू सोनवानी उम्र 27 साल मौधापारा थाना जूटमिल के कब्जे से 03 स्टाईगर गोटी, जुमला रकम करीब रु.1000 की जप्ती की गई है। जुआरियों पर थाना कोतरारोड़ में अपराध क्रमांक 263/2024 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2023 की धारा 6 के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जुआ रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक हेम सागर पटेल, प्रधान आरक्षक करूणेश राय, संदीप कौशिक और संजय केरकेट्टा शामिल थे।

## दरोगामुड़ा जुटमिल के पास रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी जूटमिल पुलिस

रायगढ़। दिनांक 02/08/2024 के सुबह करीब 08.30 बजे थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को दरोगामुड़ा रेलवे ट्रैक किनारे अप लाइन पर अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना मिला। सूचना पर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां हावड़ा-मुबई अप लाइन रेलवे ट्रैक में करीब 25-30 वर्ष के युवक का शव पड़ा मिला। अज्ञात मृतक के दाहिने हाथ के कलाई में गोदना से आशीष लिखा हुआ और मौली धागा पहना है। बॉडी के पास एक स्लीपर चप्पल मिला है। थाना प्रभारी व उनके स्टाफ द्वारा आसपास के क्षेत्रों में मृतक के वारिसानों का पता किया गया, पता नहीं चला। थाना प्रभारी द्वारा मृतक की पहचान के लिए जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को उनके थाना/चौकी के गुम इंसान का मिलान कर सूचना देने जानकारी साझा की गई है। मृतक के शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखा गया है। जूटमिल पुलिस द्वारा विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में मृतक के फोटो शेयर कर मृतक के संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी जूटमिल के मोबाइल नंबर 7389575109 या जांचकर्ता प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी 8770711748 को सूचित करने की अपील की गई है।

**अज्ञात मृतक की पहचान के संबंध में जूटमिल थाना में दे सकते है सूचना-** पुलिस थाना जूटमिल, रायगढ़ ने एक अज्ञात मृतक की पहचान के संबंध में सूचना जारी किया है। उन्होंने बताया कि मृतक का शव 2 अगस्त 2024 को सुबह 8 बजे रेल्वे ट्रेक के किनारे पड़ा हुआ मिला था। मृतक की उम्र करीब 35-40 वर्ष है और उसके दाहिने हाथ की कलाई पर आशीष लिखा हुआ गोदना है।

पुलिस ने मृतक के पहने हुए कपड़ों और घटनास्थल के आसपास की तलाशी ली लेकिन कोई समान या कागजात नहीं मिला जिससे उसकी पहचान की जा सके। मृतक के शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी रुम में रखा गया है। पुलिस के अनुसार मृतक की मृत्यु ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। मृतक की उचाई करीब 5.3 फीट है। रंग-गोरा, बाल-काला घुंघरालु एवं हल्का दाढ़ी मुंछ है। मृतक के पहचान के निशान में दाहिने हाथ की कलाई पर आशीष लिखा हुआ गोदना है। मृतक लाल मेहरून रंग का हाफ पैंट, स्लेटी रंग का फुल बाह का शर्ट पहना है।

## डॉ निराला ने ली सीएमएचओ पद के दूसरे कार्यकाल के तैयारी हेतु स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने जिले के समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित कर प्रत्येक नोडल अधिकारियों को प्रति सप्ताह अपने चिकित्सीय कार्य के अलावा अतिरिक्त समय निकालकर फील्ड भ्रमण कर मैदानी क्षेत्र में अपने कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग कर अपने कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

यह डॉ निराला ने सीएमएचओ पद के दूसरे कार्यकाल के कार्य की तैयारी और रूपरेखा तैयार करने स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली

जिला नोडल अधिकारी (आईडीएसपी) को प्रतिदिन आईएचआईपी पोर्टल की समीक्षा कर मौसमी बीमारियों पर सतत निगरानी करने, जिला नोडल अधिकारी (एनवीबीडीसीपी) को वर्तमान समय में आरएफएस कार्य को फोकस करने पॉजिटिव केसेज में सोर्स रिडक्शन करने, जिला नोडल अधिकारी(आयुष्मान) को जिले के निजी नर्सिंग होम पर सतत निगरानी करने, भर्ती मरीजों से पूछताछ करने व अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही करने, जिला नोडल अधिकारी(मुख कार्यक्रम) को कोटपा अधिनियम के तहत लगातार चलानी कार्यवाही करने के निर्देश सहित समस्त जिला नोडल अधिकारियों को अपने कार्यक्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वही दूसरी पारी में जिले कार्यरत चिरायु टीम की समीक्षा में ग्रीष्म काल में आंगनवाड़ी के प्रथम चरण भ्रमण के बैकलॉग को तत्काल पूर्ण कर स्कूल के साथ-साथ सेकंड चरण के स्क्रीनिंग का कार्य भी पूर्ण करने, उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर केसेस को प्रेरित कर तत्काल चिकित्सा लाभ दिलाने के निर्देश दिए। 06/08/2024 को प्रदेश भर के स्कूलों में आयोजित होने वाले पालक शिक्षक बैठक में उपस्थित होकर बाल केंद्रित कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में डॉ आर एल सिदार (बीएमओ सारंगढ़), डॉ एस के खूंटे(डीएनओ, पीसीपीएनडीटी), डॉ वैष्णव(बीएमओ बिलाईगढ़), डॉ संजय पटेल(बीएमओ बरमकेला), डॉ रूपेंद्र साहू(डीएनओ आयुष्मान), डीपीएम नंदलाल इजारदार, डॉ अनूप अग्रवाल(डीएनओ आरसीएच), डॉ भूषण खूंटे(डीटीओ), डॉ रितेश सेन(डीआईओ), डॉ रामजी शर्मा(डीएमओ), डॉ इंदु सोनवानी(डीएनओ,मुख स्वास्थ्य), डॉ खरे(डीएनओ चिरायु) सहित चिरायु टीम के समस्त डॉक्टर्स व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480